ओ. पी. जिन्दल स्कूल, सावित्री नगर, तमनार

कक्षा-छठी कार्यपत्रक(28/7/2020) वर्ण विचार

नीचे दिए गए सभी प्रश्नों के साथ उत्तर दिए गए विकल्पों में से चयन करके कॉपी में लिखिए-

1)भाषा का मूल आधार है-

क)व्यंजन ख)ध्वनि ग)वर्ण घ)लिपि

2)वर्णों के व्यवस्थित समूह को कहते हैं-

क)स्वर ख)पद ग)व्यंज घ)वर्णमाला

3)अं और अ: को हिंदी व्याकरण में कहा जाता है-

क)प्लुत ख)ह्रस्व ग)अयोगवाह घ)मात्रा

4)संयुक्त व्यंजन की संख्या है -

क) 2 ख) 4 में ग) 33 घ)11

5)जिन स्वरों के उच्चारण में सबसे कम यानी एक मात्रा का समय लगता है-

क)ह्रस्व ख)दीर्घ ग)प्लुत घ)स्पर्श

6)स्वर अपने मूल रूप को छोड़कर अपने विशेष चिह्नों के साथ व्यंजन में जब जुड़ते हैं तो इन विशेष चिह्नों को कहा जाता है-

क)अनुस्वार ख)मात्रा ग)अनुनासिक घ)अयोगवाह

7)स्पर्श व्यंजन की संख्या है-

क)25 ख)26 ग)27 घ)24

8)चंद्रबिन्दु(ँ) का उच्चारण मुख और नासिका दोनों से होता है,इसे कहा जाता है-

क)अनुस्वार ख)आगत ग)अनुनासिक घ)विसर्ग

9)दो व्यंजनों के मेल से बनने वाले व्यंजन कहलाते हैं-

क)संयुक्त ख)उष्म ग)संयुक्ताक्षर घ)अंत:स्थ

10)फ़ारसी से आए कुछ शब्दों में कुछ ध्वनियों के नीचे एक बिंदी लगती है,उसे हम कहते हैं-

क)द्वित्व ख)आगत ग)अनुस्वार घ)नुक़्ता